C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 315 | बिजौलिया - मंगलवार, 26 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## निकाय-पंचायत चुनाव पर फैसला अब निर्वाचन आयोग के पाले में

### हाईकोर्ट के आदेशों का अध्ययन कर रही सरकार, OBC आरक्षण पर स्पष्ट आंकड़ों का इंतजार : झाबर सिंह खर्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ सीकर।**

प्रदेश में निकाय और पंचायतीराज चुनाव को लेकर चल रही राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल के बीच यूडीएच राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सोमवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद अब चुनाव करवाने का निर्णय निर्वाचन आयोग को लेना है। प्रदेश सरकार पहले भी चुनाव के लिए तैयार थी और आज भी पूरी तरह तैयार है, लेकिन सरकार की मंशा ओबीसी वर्ग को उचित आरक्षण देने की रही है।

सीकर के स्मृति वन में आयोजित 'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान' के शुभारंभ कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत करते हुए खर्रा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में ओबीसी की समुचित गणना नहीं होने के कारण आरक्षण को लेकर स्पष्ट आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। इसी वजह से राज्य सरकार ने सत्ता में आने के बाद ओबीसी आयोग का गठन किया था। फिलहाल आयोग के पास आरक्षण निर्धारण के लिए पर्याप्त और स्पष्ट आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।



राज्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हाईकोर्ट के आदेशों का अध्ययन कर रही है और फिलहाल दोबारा अदालत जाने की कोई तैयारी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि निकाय और पंचायतीराज संस्थाओं में पुनर्गठन, सीमांकन और सीमा विस्तार से जुड़े सभी कानूनी अवरोध अब समाप्त हो चुके हैं।

खर्रा ने दोहराया कि सरकार चुनाव करवाने के पक्ष में है, लेकिन बिना ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के चुनाव करवाना उचित नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि चुनाव करवाना निर्वाचन आयोग का दायित्व है और आयोग कानूनी राय लेकर आगे की प्रक्रिया तय करेगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग जब भी प्रदेश सरकार से किसी प्रकार के सहयोग की मांग करेगा, सरकार पूरी तरह सहयोग देने के लिए तैयार रहेगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में प्रशासन पहले एसआईआर और अब जनगणना जैसे कार्यों में व्यस्त है, जिससे चुनावी तैयारियों पर भी प्रभाव पड़ रहा है।

## मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, आभूषण बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पारोली थाना पुलिस ने मंदिर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किए गए आभूषण बरामद किए हैं। आरोपी मंदिरों की रेकी कर भगवान के आभूषण चोरी करने की वारदातों को अंजाम देता था।

थानाधिकारी सियाराम ने बताया की बिशनियां निवासी बालमुकुंद ब्राह्मण ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 अप्रैल 2026 को सुबह 7 से 9 बजे के बीच अज्ञात चोर मंदिर में भगवान के शिखर पर लगा करीब 200 ग्राम वजनी चांदी का मुकुट चोरी कर ले गया। घटना से गांव में आक्रोश व्याप्त था। रिपोर्ट पर पारोली थाने में मामला दर्ज कर जांच एएसआई मुंशी खां को सौंपी गई।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल एवं आसपास लगे करीब 50 से 60 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। आरोपी द्वारा वारदात के बाद उपयोग किए गए रास्तों के कैमरों की जांच कर बीटीएस और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर चेनपुरा निवासी त्रिलोक पुत्र चांदमल पाराशर (42) को डिटेन किया गया। पूछताछ में आरोपी ने मंदिर से मुकुट चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किया गया आभूषण बरामद कर लिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले मंदिरों की रेकी करता था और फिर मौका पाकर भगवान के आभूषण चोरी कर फरार हो जाता था। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी एवं अन्य धाराओं में मामले दर्ज हैं और कई प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं।

कार्रवाई में एएसआई मुंशी खां, कांस्टेबल शैतान सिंह, रामावतार एवं रणजीत की विशेष भूमिका रही।

### त्रिवेणी संगम से उठा जल संरक्षण का संकल्प

## उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने किया 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' का शुभारंभ, बोले जल बचाना आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा







**भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद।**

त्रिवेणी संगम सोमवार को जल संरक्षण के महाअभियान का केंद्र बना, जब प्रेमचंद बैरवा ने राज्य स्तरीय 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 2026' के जिला स्तरीय शुभारंभ के साथ जल बचाने का संदेश दिया। 25 मई से 5 जून तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देना है। कार्यक्रम में जल पूजन, कलश यात्रा, जलाभिषेक, पौधारोपण और पीपल पूजन जैसे आयोजन आकर्षण का केंद्र रहे।

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राजस्थान केवल वीरों की भूमि नहीं, बल्कि जल संरक्षण की समृद्ध परंपराओं वाली धरती है। यहां के पूर्वजों ने बावड़ियां, तालाब और कुएं बनाकर पानी बचाने की संस्कृति विकसित की, जो आज भी प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पूरी दुनिया जल संकट का सामना कर रही है और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए जल संरक्षण सबसे बड़ा दायित्व बन गया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। अभियान के तहत विभिन्न विभाग मानसून पूर्व वर्षा जल संचयन, नई जल संरचनाओं के निर्माण, पारंपरिक जल स्रोतों के पुनरुद्धार, जल स्रोतों की सफाई तथा 'हरियालो राजस्थान' वृक्षारोपण महाअभियान से जुड़ी गतिविधियां संचालित करेंगे। उन्होंने लोगों से हर बूंद बचाने और जल स्रोतों को संरक्षित रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को जल संचय एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई तथा संगम स्थल पर पौधारोपण भी किया। बाद में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने अभियान की रूपरेखा, उद्देश्यों और जनभागीदारी आधारित गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. मंजू राजपाल ने कहा कि जल संरक्षण अभियान की सफलता आमजन की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। जब तक समाज का प्रत्येक वर्ग इस मुहिम से नहीं जुड़ेगा, तब तक इसके उद्देश्य पूर्ण रूप से सफल नहीं हो सकेंगे।

माण्डल विधायक उदयलाल भड़ाना ने गंगा दशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि जनसहभागिता से संभव है। वहीं भीलवाड़ा शहर विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति प्रकृति और जल के प्रति सम्मान का भाव सिखाती है तथा राज्य सरकार के प्रयासों से जल संरक्षण के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रतिभा देवटिया, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, मांडलगढ़ उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा, जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता सोजीराम मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

### जीवलिया टोल प्लाजा के पास हादसा, प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर





**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।**

थाना क्षेत्र में ब्यावर-भीलवाड़ा मार्ग पर जीवलिया टोल प्लाजा के निकट सोमवार को एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा से करेड़ा की ओर जा रहे बाइक सवार निखिल राव पुत्र शंकर राव (25) तथा मंजू राव पत्नी मदनलाल राव (50) को अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों के हाथ-पैर में फ्रैक्चर हो गया तथा गंभीर चोटें आईं।

घायलों को सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से मांडल उप जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर महात्मा गांधी चिकित्सालय भीलवाड़ा रेफर कर दिया गया। एंबुलेंस पायलट प्रभु प्रजापत एवं मेल नर्स गिरिराज पायक ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।


## एक ही भूखंड की दोबारा रजिस्ट्री, पीड़ित व्यापारी ने लगाई न्याय की गुहार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

करेड़ा क्षेत्र के चित्ताम्बा गांव में एक ही भूखंड की दोबारा फर्जी रजिस्ट्री कराने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यापारी सुवालाल दक और ललित कुमार ने जिला कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है।

ज्ञापन में बताया कि उन्होंने वर्ष 2000 में पंजीकृत विक्रय पत्र के जरिए भूखंड खरीदे थे और तब से कब्जे में हैं। आरोप है कि जमीन की कीमत बढ़ने पर मूल विक्रेता पीरू लाल बारेट ने अन्य लोगों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूखंडों की दोबारा रजिस्ट्री करवा दी।



पीड़ितों का कहना है कि आरोपी अब जबरन कब्जा करने पहुंच रहे हैं और विरोध करने पर जान से मारने व हाथ-पैर तोड़ने की धमकियां दे रहे हैं। मामले की शिकायत करेड़ा थाने में भी दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से फर्जी दस्तावेज निरस्त करने, आरोपियों की गिरफ्तारी तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## सरेआम नियमों की उड़ रही धज्जियां: गुरला के श्रीनाथ पेट्रोल पंप पर वेल्डिंग की चिंगारियों के बीच भर रहा पेट्रोल-डीजल, खुले ड्रमों में धड़ल्ले से हो रही सप्लाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**


**पुनित चपलोत**

(गुरला ) जिला प्रशासन के सख्त निर्देशों और सुरक्षा मानकों के बावजूद गुरला क्षेत्र स्थित श्रीनाथ एचपी फिलिंग स्टेशन पर नियमों की खुलेआम अनदेखी किए जाने का मामला सामने आया है। पेट्रोल पंप परिसर में जहां एक ओर वेल्डिंग और निर्माण कार्य जारी है, वहीं दूसरी ओर उसी के समीप वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरा जा रहा है। लगातार उठ रही चिंगारियों के बीच ईंधन भरने की यह लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पेट्रोल पंप पर इन दिनों शेड निर्माण का कार्य चल रहा है। वेल्डिंग मशीनों से निकल रही



चिंगारियों के ठीक नीचे ईंधन भराई का काम बदस्तूर जारी है। पेट्रोल पंप जैसे अति संवेदनशील स्थल पर इस तरह की गतिविधियां सुरक्षा मानकों पर



गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जरा सी चूक हो जाए तो बड़ा विस्फोट या आगजनी हो सकती है, जिससे जानमाल का भारी नुकसान संभव है। इतना ही नहीं, जिला कलेक्टर के आदेशों की भी खुलेआम अवहेलना की जा रही है। प्रशासन द्वारा खुले ड्रमों में पेट्रोल-डीजल देने पर रोक लगाए जाने के बावजूद यहां ट्रैक्टरों में रखकर लाए गए बड़े-बड़े ड्रमों में धड़ल्ले से डीजल भरा जा रहा है। बताया जा रहा है कि बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था और मानकों के यह काम लंबे समय से जारी है।

स्थानीय नागरिकों ने इस मामले में प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस लापरवाही पर रोक नहीं लगी तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। अब निगाहें जिला प्रशासन और संबंधित विभागों पर टिकी हैं कि आखिर इस गंभीर मामले में क्या कार्रवाई की जाती है।

C M Y K

## संत सुरक्षा की मांग को लेकर जैन समाज का मौन प्रदर्शन




**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।**

जैन समाज ने मध्यप्रदेश के रीवा जिले में जैन साध्वी आर्यिका माताजी की सड़क हादसे में हुई मौत के विरोध में सोमवार को मौन आक्रोश रैली निकालकर संत सुरक्षा की मांग उठाई। रैली जैन मंदिर परिसर से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए पुनः मंदिर पहुंची।

समाजजनों ने मौन रहकर संत समाज के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और देशभर में विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा के लिए 'राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति' लागू करने की मांग की।

बाद में समाज के प्रतिनिधियों ने त्रिवेणी संगम पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को तथा मांडलगढ़ उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रीवा घटना की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

## श्रीमद्भागवत कथा में गोवर्धन पूजन, अन्नकूट का भोग लगाया

### 'जीवन में एक बार गोवर्धन परिक्रमा जरूर करनी चाहिए '- सिरोठा महाराज

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

कस्बे में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के पांचवें दिन सोमवार को गोवर्धन पूजन एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने गोबर से गोवर्धन जी की प्रतिमा बनाकर पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि की कामना की।

कथावाचक कमलेश सिरोठा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में एक बार गोवर्धन महाराज की परिक्रमा अवश्य करनी चाहिए। कथा में श्रीकृष्ण द्वारा ग्वालों के साथ माखन चोरी प्रसंग का भी वर्णन किया गया।



आयोजक जगदीश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि कथा का आयोजन ब्राह्मणों के मंदिर के पास प्रतिदिन दोपहर 12:15 से 3:15 बजे तक हो रहा है। कथा में आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। 27 मई को कथा की पूर्णाहुति एवं 28 मई को हरिबोल प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

## अखिल भारतीय गुर्जर महासभा में देवीलाल गुर्जर को बड़ी जिम्मेदारी

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

**(मुकेश)** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा (राजस्थान इकाई) की भीलवाड़ा जिला कार्यकारिणी में देवीलाल गुर्जर को तहसील अध्यक्ष, गंगापुर एवं सहाड़ा पद पर नियुक्त किया गया है। महासभा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार यह नियुक्ति आगामी तीन वर्षों के लिए की गई है।



जिलाध्यक्ष राधेश्याम भड़ाणा ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए बताया कि देवीलाल गुर्जर द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासभा ने उम्मीद जताई कि वे समाज को नई दिशा देने के साथ संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे।

## कोटड़ी में सकल जैन समाज ने निकाला मौन जुलूस, उपखंड कार्यालय पहुंच सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

देश के विभिन्न क्षेत्रों में जैन संत-संतियों के साथ घटित हो रही दुखद घटनाओं के विरोध एवं संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सोमवार को कोटड़ी में सकल जैन समाज द्वारा मौन जुलूस निकाला गया। हालही में आर्थिका माताजी के साथ हुए दुर्घटना में असामयिक निधन से जैन समाज मे गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया। समग्र जैन समाज के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी एकजुटता प्रकट की। मौन जुलूस सदर बाजार स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ नेहरू नगर स्थित उपखंड कार्यालय पहुंचा जहां समाजजनों ने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी पारस गोधा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जैन संतों की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था लागू करने तथा घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। मां जुलूस कार्यक्रम का नेतृत्व दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष नेमीचन्द पाटोदी एवं श्वेताम्बर समाज के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा ने किया। इस दौरान दोनों समाजों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे। मोन जुलूस के दौरान समाजजन शीतल भवन पहुंचे जहां शीतल ज्योति साध्वी मणिप्रभा जी महाराज द्वारा दिवंगत साध्वियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा समाज को अहिंसा, संयम एवं एकता का संदेश दिया गया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

## जोगणियां माताजी शक्तिपीठ में 4 जून से होगा सप्त दिवसीय शिवशक्ति महायज्ञ

### कलश यात्रा, महारुद्र अभिषेक, बगड़ावत भारत और छप्पन भोग सहित होंगे धार्मिक आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ बेंगु ।**

श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान के तत्वावधान में जोगणियां माताजी शक्तिपीठ में 4 जून से 10 जून तक सप्त दिवसीय शिवशक्ति महायज्ञ एवं कलश प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव (पाटोत्सव) का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ 4 जून गुरुवार को सुबह 7:15 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इसके बाद प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक श्रृंगार पूजन, अर्चन एवं आरती दर्शन होंगे। मंदिर परिसर में प्रतिदिन शतचंडी दुर्गापाठ, महारुद्र पाठात्मक एवं हवनात्मक अनुष्ठान, चतुर्वेद पारायण तथा नवार्ण महामंत्र के 11 लाख जाप किए जाएंगे।



आयोजन के दौरान मंदिर परिसर स्थित पवन पुत्र हनुमान मंदिर में प्रतिदिन अखंड रामायण पाठ भी किया जाएगा। वहीं 6 जून शनिवार रात्रि 8:30 बजे बगड़ावत भारत का आयोजन होगा।

विशेष रात्रि जागरण का आयोजन 9 जून मंगलवार को रात्रि 8:30 बजे से प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जाएगा। समापन अवसर पर 10 जून बुधवार को सुबह 8:15 बजे छप्पन भोग, 9:30 बजे निज मंदिर स्वर्ण कलश शिखर का सहस्त्रधारा अभिषेक तथा दोपहर 11:15 बजे शिवशक्ति महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी आयोजित होगी।

## बस स्टैंड के बाहर बना नाला बन रहा हादसों का कारण

### बीच सड़क गहरे गड्ढे में फंस रहे वाहन, ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद ।**

नंदराय ग्राम में बिगोद-कोटड़ी मुख्य सड़क मार्ग पर बस स्टैंड एवं ग्राम पंचायत भवन के बाहर बना नाला आमजन के लिए परेशानी का सबब बन गया है। स्टेट हाईवे पर बीच सड़क बने गहरे नाले के कारण आए दिन वाहन फंस रहे हैं और हादसों की आशंका बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक उदासीन बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि नाले की हालत खराब होने से रोजाना कार, मोटरसाइकिल सहित अन्य वाहन उसमें फंस जाते हैं। कई बार वाहन चालकों को भारी मशक्कत कर धक्का लगाकर वाहन बाहर निकालने पड़ते हैं। इससे वाहनों को नुकसान होने के साथ लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बिगोद-कोटड़ी को जोड़ने वाला प्रमुख स्टेट हाईवे मार्ग है, जहां



दिनभर भारी वाहनों एवं यात्रियों की आवाजाही रहती है। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं पीडब्ल्यूडी विभाग से नाले की शीघ्र मरम्मत कर सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## श्रीराम कथा का भावपूर्ण विश्राम, श्रद्धालु हुए भावविभोर

### रावण वध से लेकर राम की अयोध्या वापसी तक के प्रसंगों का हुआ मार्मिक वर्णन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सनातन सेवा समिति के तत्वावधान एवं स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में अधिकमास के अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का सोमवार को भावपूर्ण विश्राम हुआ। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए।

हरिद्वार के स्वामी जगदीश दास उदासीन ने व्यासपीठ से श्रीराम कथा के विभिन्न प्रसंगों का भजनों एवं प्रवचनों के माध्यम से भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने अगस्त



ऋषि आश्रम, पंचवटी, सूर्पणखा प्रसंग, सीता हरण, श्रीराम-हनुमान-सुग्रीव मिलन, लंका दहन एवं रावण वध जैसे प्रसंगों के माध्यम से धर्म, मर्यादा, सेवा और समर्पण का संदेश दिया।

स्वामी जगदीश दास उदासीन ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन केवल कथा नहीं, बल्कि आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि आज के समय में परिवारों में बढ़ती दूरियों और तनाव को समाप्त करने के लिए श्रीराम के आदर्शों को अपनाना आवश्यक है।

कथा के दौरान 'जय बजरंग बली' और 'सीताराम' के जयघोष से पूरा पांडाल भक्तिमय हो उठा। भगवान राम की अयोध्या वापसी प्रसंग पर प्रस्तुत भजन 'राम वन से लौट घर आए, आज अवध में आनंद छाए' पर श्रद्धालु झूम उठे।

कथा समापन पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। वहीं विष्णु यज्ञ में नरेन्द्र चौहान एवं नरेश चौहान ने जोड़े सहित आहुतियां देकर महादेव का अभिषेक किया। सायंकाल आयोजित गंगा आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।


**26 मई से होगी भक्तमाल कथा**

आश्रम परिसर में पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत आज से 30 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक भक्तमाल कथा का आयोजन होगा। ज्ञानानंद तीर्थ महाराज श्रद्धालुओं को अपनी ओजस्वी वाणी से कथा का रसपान कराएंगे।

## नेशनल हाईवे-27 पर ओवरब्रिज निर्माण की धीमी रफ्तार से बढ़ी परेशानी

### धूल, जाम और अव्यवस्था से दुकानदार व राहगीर बेहाल, लोगों में बढ़ा आक्रोश





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

नेशनल हाईवे-27 पर चल रहे ओवरब्रिज निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर क्षेत्रवासियों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार धाकड़ ने निर्माण कार्य में हो रही देरी और अव्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। विनोद कुमार धाकड़ का कहना है कि नेशनल हाईवे-27 पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य पिछले करीब तीन वर्षों से जारी है, लेकिन अब तक कार्य पूरा नहीं हो पाया है। अधूरे निर्माण और खराब व्यवस्था के कारण आमजन, दुकानदारों और वाहन चालकों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

धाकड़ ने बताया कि निर्माण स्थल पर नियमित पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा, जिससे दिनभर धूल उड़ती रहती है। सड़क किनारे स्थित दुकानदारों की दुकानों में धूल भर रही है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। वहीं राहगीरों और वाहन चालकों को भी धूल और जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।धाकड़ ने कहा कि लगातार उड़ रही धूल के कारण क्षेत्र में श्वास संबंधी बीमारियों के बढ़ने की संभावना बनी हुई है। बावजूद इसके संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।धाकड़ ने प्रशासन और एनएचएआई की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आमजन की परेशानियों की अनदेखी की जा रही है। लोगों का आरोप है कि लंबे समय से निर्माण कार्य अधूरा रहने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। धाकड़ ने कहा की यदि कोई लापरवाही और अव्यवस्थाओं के खिलाफ क्षेत्र में बोलता है तो उसे डरा धमकाकर चुप करा दिया जाता है । क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि ओवरब्रिज निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, नियमित पानी का छिड़काव करवाया जाए तथा आमजन को धूल और अव्यवस्थाओं से राहत दिलाई जाए।



QUICK BITES

## प्रशासक नीरज मारपीट प्रकरण में जाट समाज में रोष

**आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी**

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश)।** पंचायत प्रशासक नीरज चौधरी एवं उनकी पत्नी के साथ हुई मारपीट के मामले को लेकर जाट समाज में सोमवार को भारी आक्रोश देखने को मिला। समाज के लोगों ने केकड़ी में विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस एवं प्रशासन की मौजूदगी में हुई घटना ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि घटना के बाद भी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होने से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।

ज्ञापन में दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच, पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध करवाने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। समाज के लोगों ने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

वहीं नीरज चौधरी ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर उनके खिलाफ लगाए जा रहे फर्जी पट्टों एवं अन्य आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि पंचायत रिकॉर्ड की जांच जारी है तथा जांच पूरी होने के बाद वर्ष 2020 से अब तक के सभी रिकॉर्ड ग्रामवासियों एवं समाज के सामने सार्वजनिक किए जाएंगे।

चौधरी ने आरोप लगाया कि कुछ लोग व्यक्तिगत रंजिश के चलते सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार कर गांव का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अफवाहों से दूर रहने तथा क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

## मां की स्मृति में शिक्षा को समर्पित किए लाखों रुपये

### मृत्युभोज में फिजूलखर्ची रोक छात्रावासों को दिया सहयोग, समाज में पेश की नई मिसाल

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।



**परमेश्वर**

आज के दौर में जहां मृत्यु भोज पर लाखों रुपये खर्च कर दिखावा करने की परंपरा बढ़ती जा रही है, वहीं तहसील के भेरूखेड़ा निवासी महावीर गुर्जर ने अपनी मां की स्मृति को समाजहित से जोड़ते हुए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने मृत्युभोज में अनावश्यक खर्च से बचते हुए शिक्षा और समाज सेवा के लिए लाखों रुपये का सहयोग देकर नई सोच का संदेश दिया।

महावीर गुर्जर ने गुर्जर छात्रावास के विकास के लिए 3 लाख 51 हजार रुपये तथा मालपुरा छात्रावास के लिए 1 लाख रुपये की सहयोग राशि भेंट की। उन्होंने कहा कि सामाजिक आयोजनों में फिजूलखर्ची करने के बजाय शिक्षा और जरूरतमंद विद्यार्थियों के हित में योगदान देना अधिक उपयोगी और सार्थक है।

उन्होंने मृत्युभोज को भी बेहद सादगीपूर्ण रखा तथा समाज में प्रचलित धोवरा प्रथा को बंद रखा। उनके इस निर्णय की समाज के प्रबुद्धजनों एवं युवाओं ने सराहना करते हुए इसे सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में सकारात्मक पहल बताया।

इस अवसर पर विधायक उदयलाल भड़ाना, मनीष गुर्जर, बीएल गुर्जर, मोहनलाल सराधना, चेनुलाल गुर्जर, नारायण भड़ाना, नरेन्द्र गुर्जर, जीवन गुर्जर, सूरजमल गुर्जर, देबीलाल गुर्जर, चांदमल गुर्जर, महादेव चेची, मोहन गुर्जर, सुखदेव गुर्जर, जमाना गुर्जर सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# अतिक्रमण हटाने में टूटी नालियों के पुनर्निर्माण की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा/

उपभोक्ता कल्याण समिति राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अशोक जैन के नेतृत्व में समिति पदाधिकारियों ने सोमवार को अतिरिक्त कलेक्टर (प्रशासन) प्रकाशचंद्र को ज्ञापन सौंपकर शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान क्षतिग्रस्त हुई नालियों के शीघ्र पुनर्निर्माण की मांग की।

समिति के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र कुमार मारू ने बताया कि नगर निकायों द्वारा पूर्व में शहर के विभिन्न बाजारों एवं रिहायशी क्षेत्रों में सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। इस दौरान घरों और प्रतिष्ठानों के बाहर बनी नालियां व चबूतरे क्षतिग्रस्त हो गए थे। लंबे समय बीत जाने के बावजूद इनका पुनर्निर्माण नहीं होने से आमजन और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



उन्होंने कहा कि टूटी नालियों के कारण गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ-साथ गंदगी और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। आगामी मानसून में स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई गई है।

समिति ने अतिरिक्त कलेक्टर से मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को नालियों के पुनर्निर्माण के निर्देश जारी करने की मांग की। इस पर अतिरिक्त कलेक्टर ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।

ज्ञापन के दौरान संरक्षक आशा रामावत, मंजू पोखरना, महिला प्रदेशाध्यक्ष संगीता अग्रवाल, प्रदेश संगठन मंत्री पंकज हेमराजानी, युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अनिल पारीक, महिला युवा प्रदेशाध्यक्ष निशा कंवर गौड़, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सरगरा, जिलाध्यक्ष राजेश पाटनी, जिला सचिव कमलेश बोडाना, एडवोकेट पीरूसिंह गौड़, अनिल मेहता सहित समिति के कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# नौतपा में भक्तों ने बाबा को बनाया बर्फानी


**3100 किलो बर्फ से सजे मसाणिया धाम के भेरूनाथ, दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचंद पेसवानी**

नौतपा की भीषण गर्मी के बीच शहर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। श्री मसानिया भेरूनाथ मंदिर में भक्तों ने अपने आराध्य बाबा भेरूनाथ को 3100 किलो बर्फ से सजाकर 'बाबा बर्फानी' का दिव्य स्वरूप दिया। सफेद बर्फ की चादरों के बीच सजे बाबा के दर्शन करने के लिए सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

पंचमुखी मुक्तिधाम स्थित मसाणिया धाम में नौतपा के पहले दिन भक्तों ने गर्मी से राहत के लिए बाबा को शीतलता अर्पित करने का अनोखा आयोजन किया। मंदिर परिसर को



बर्फ से इस तरह सजाया गया कि पूरा वातावरण अमरनाथ धाम जैसा नजर आने लगा। श्रद्धालु 'जय भेरूनाथ' के जयकारों के साथ भक्ति में सराबोर नजर आए।

मंदिर में बाबा को 108 लीटर शीतल शरबत का भोग लगाया गया, जिसे बाद में प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इसके साथ ही लीची सहित शीतल फलों का विशेष भोग भी अर्पित किया गया। भक्तों का कहना था कि जब इंसान खुद गर्मी से राहत चाहता है तो अपने आराध्य को भी शीतलता देना श्रद्धा और सेवा का प्रतीक है।

मंदिर पुजारी रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि मसाणिया धाम में हर वर्ष नौतपा के दौरान विशेष श्रृंगार किया जाता है, लेकिन इस बार 3100 किलो बर्फ से तैयार 'बाबा बर्फानी' का स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र बना। मंदिर परिसर स्थित बाबा गुप्तेश्वर महादेव मंदिर एवं शमशान काली मां जगदंबा मंदिर का भी बर्फ से मनोहारी श्रृंगार किया गया। धूपबत्ती की सुगंध, सफेद बर्फ और गूंजते जयकारों के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

श्रद्धालु यश सिंह ने कहा कि मसाणिया धाम केवल मंदिर नहीं, बल्कि लोगों की आस्था और विश्वास का बड़ा केंद्र है। बाबा के इस मनमोहक बर्फानी स्वरूप को देखने के लिए शहरभर से श्रद्धालु पहुंचे। नौतपा की तपिश के बीच मसाणिया धाम का यह अनूठा बर्फानी श्रृंगार शहरभर में चर्चा का विषय बना रहा।

# नगर कांग्रेस कमेटी ने गंगापुर की जन समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन, 48 घंटे में समाधान नहीं होने पर तालाबंदी की चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।

( **मुकेश** )शहर की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी गंगापुर द्वारा सोमवार को नगर पालिका प्रशासक एवं नवनियुक्त उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने से पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर का उपरना ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मान किया।

ज्ञापन में नगर कांग्रेस कमेटी ने शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था, जगह-जगह



फैले कचरे, बंद पड़ी रोड लाइटों, क्षतिग्रस्त सड़कों, खराब पड़ी पनघट, नालियों की सफाई नहीं होने सहित अन्य जन समस्याओं का उल्लेख करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल की अव्यवहारिक कार्यप्रणाली के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा शहर की व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज चंदेल ने कहा कि यदि आगामी 48 घंटे के भीतर शहर की विभिन्न समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पालिका में तालाबंदी कर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान निवर्तमान नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गहलोत, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष लखन काकानी, पूर्व पार्षद प्रहलाद सुथार, तुलसी अमृत महाविद्यालय एन एस यूआई पूर्व अध्यक्ष नवरत्न बेरवा महेश तेली, गजेंद्र गहलोत, रामप्रसाद माली, प्रदीप शर्मा सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिजोलिया में पेंशनर्स ने आरजीएच योजना में बिना बाधा इलाज व दवाइयां उपलब्ध कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।

**मानव तिवाड़ी।** पेंशनर एसोसिएशन की स्थानीय शाखा ने सोमवार को अध्यक्ष गुलाम रसूल के नेतृत्व में तहसीलदार ललित डीडवानिया को ज्ञापन सौंपकर पेंशनर्स को आरजीएच योजना के तहत अनुमोदित चिकित्सा सेवाएं एवं फार्मा स्टोर्स पर निशुल्क दवाइयां नियमित रूप से उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि




पेंशनर्स को कई बार चिकित्सा सुविधाओं एवं दवा वितरण में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बिना किसी व्यवधान के इलाज एवं दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिल सके। इस दौरान उपाध्यक्ष सत्यनारायण टेलर, सचिव नन्द किशोर धाकड़ सहित जीतमल धाकड़, कन्हैयालाल टेलर, अनिल कोतवाल, रफीक मोहम्मद, गोपाल कोली, चांदमल सेन, सोहनलाल रेगर, लक्ष्मणलाल धाकड़, सूरज एवं हरिशंकर पाराशर मौजूद रहे।

# शाहपुरा में 44 जोड़ों का दहेज मुक्त सामूहिक निकाह

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचंद पेसवानी।** मेवाड़ कायमखानी विकास सेवा संस्थान एवं मेवाड़ कायमखानी महासभा के संयुक्त तत्वावधान में प्रतापपुरा गांव में दहेज रहित सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें 44 जोड़ों का निकाह सादगी और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। करीब आठ हजार लोगों की मौजूदगी में हुए इस आयोजन ने दहेज प्रथा के खिलाफ मजबूत संदेश दिया।



शहर काजी सैयद शराफत अली, मौलाना मुमताज कादरी एवं मौलाना अब्दुल कादिर ने निकाह की रस्में पूरी करवाईं। 'कबूल है' की गूंज के बीच पूरा पांडाल तालियों और दुआओं से गूंज उठा। सम्मेलन की खास बात यह रही कि पूरे आयोजन में दहेज के नाम पर वर पक्ष को कुछ भी नहीं दिया गया। वहीं प्रत्येक वधु को 51-51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में कई शिक्षित युवक-युवतियों ने भी विवाह किया, जिनमें बीटेक, एमबीए और नर्सिंग जैसे कोर्स कर चुके युवा शामिल रहे। आयोजन में मेहमानों के लिए भव्य भोजन व्यवस्था की गई तथा गांव में मेले जैसा माहौल नजर आया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और युवाओं ने व्यवस्थाओं में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में बी.डी. खान, भीम खान एवं सलीम खान नारखानी ने दहेज मुक्त विवाह को समाज की जरूरत बताते हुए सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एकजुट रहने का आह्वान किया।

# बिजोलिया में जैन संतों की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## रीवा हादसे की उच्चस्तरीय जांच, संत सुरक्षा प्रोटोकॉल व राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग






**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

क्षेत्र के सकल जैन समाज ने मध्यप्रदेश के रीवा में विहाररत आर्यिका माताजी के साथ हुई दुखद दुर्घटना को लेकर मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार ललित डीडवानिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जैन साधु-संतों की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू करने तथा घटना की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि 20 मई को रीवा जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट के सामने राष्ट्र संत आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका श्री 105 श्रुतमति एवं आर्यिका श्री 105 उपशममति माताजी का विहार के दौरान असामयिक निधन हो गया। समाज ने इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए मामले की न्यायिक अथवा उच्चस्तरीय जांच कराने, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रखने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

सकल जैन समाज ने ज्ञापन में कहा कि जैन साधु-संत पूर्णतः अहिंसक, निहत्थे एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं, जो समाज में शांति, संयम और अहिंसा का संदेश देते हैं। ऐसे में संतों के साथ लगातार हो रही दुर्घटनाएं और हमले चिंता का विषय हैं।

ज्ञापन में विहाररत संतों की सुरक्षा के लिए 'संत सुरक्षा प्रोटोकॉल' लागू करने, संवेदनशील मार्गों पर पुलिस सहयोग, ट्रैफिक नियंत्रण, चेतावनी संकेतक एवं हाईवे क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। साथ ही भारत सरकार से पैदल विहार करने वाले संतों के लिए 'राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति' एवं सुरक्षा एसओपी लागू करने की भी मांग उठाई गई।समाज ने प्रशासन एवं समाज के बीच समन्वय के लिए 'संत सिक्योरिटी को-ऑर्डिनेशन सेल' एवं आपातकालीन संपर्क व्यवस्था बनाने का सुझाव भी दिया। जैन समाज ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी प्रकार का तनाव उत्पन्न करना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना एवं तपस्वी संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# जिला प्रभारी सचिव ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## पेयजल, बिजली और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं मजबूत रखने के निर्देश, हीट वेव को लेकर अलर्ट रहने को कहा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं जिला प्रभारी सचिव मंजू राजपाल ने सोमवार को मांडलगढ़ पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर गर्मी के मौसम में आमजन को राहत देने संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में विशेष रूप से पेयजल, विद्युत एवं स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों पर चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

प्रभारी सचिव ने पेयजल विभाग के अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिन क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति बाधित हो रही है, वहां वैकल्पिक स्त्रोतों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाए ताकि आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी बिजली संबंधी शिकायत मिलने पर तत्काल समाधान किया जाए। साथ ही उन्होंने पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना सहित विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।

स्वास्थ्य विभाग की बैठक में प्रभारी सचिव ने हीट वेव और मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर आवश्यक दवाइयों एवं संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। साथ ही पीएचसी एवं सीएचसी स्तर पर भी दवाइयों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया है तथा मेडिकल स्टाफ को मुख्यालय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभारी सचिव ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी विभाग अलर्ट मोड पर कार्य करें और आमजन को हीट वेव से बचाव के प्रति जागरूक किया जाए।

उन्होंने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं की भी समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। बैठक में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधु ने जिले में संचालित विकास कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रतिभा देवतिया, उपखंड अधिकारी अरुण जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉक्टरों की कमी से नाराज ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



शंभूगढ़ क्षेत्र के PHC, आयुर्वेदिक औषधालय और पशु चिकित्सालय में लंबे समय से चिकित्सकों के पद रिक्त होने से नाराज ग्रामीणों ने गुलाबपुरा एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जल्द नियुक्तियां करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि 25 से अधिक गांवों की जनता इलाज के लिए इन संस्थानों पर निर्भर है, लेकिन डॉक्टर नहीं होने से मरीजों और पशुपालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने शंभूगढ़ PHC में MBBS चिकित्सक, आयुर्वेद चिकित्सक और पशु चिकित्सक की तत्काल नियुक्ति तथा PHC को CHC में क्रमोन्नत करने की मांग की।

मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

# सात कुंडीय श्रीराम महायज्ञ की तैयारियां ध्वज स्थापना के साथ शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

**जसवंत पारीक**



निकटवर्ती होलीरड़ा गांव में सोमवार को भगवान राम-जानकी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं तेजाजी महाराज व हनुमान मंदिर पर स्वर्ण कलश स्थापना समारोह के तहत ध्वज स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समिति सदस्यों ने बताया कि सुबह 10:15 बजे भगवान राम-जानकी मंदिर प्रांगण से सात कुंडीय श्रीराम महायज्ञ के शुभारंभ हेतु ध्वज यात्रा रवाना हुई। डीजे की धुन पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं बच्चे नाचते-गाते हुए गांव के प्रमुख मार्गों से होकर 11:15 बजे तेजाजी महाराज मंदिर स्थित महायज्ञ प्रांगण पहुंचे।

जहां पंडित भगवती प्रसाद शर्मा एवं पंडित लखन शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 12:15 बजे ध्वज स्थापना करवाई। समिति ने बताया कि 9 जून से 17 जून तक सात कुंडीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है।

# श्री करणी कथा में गूंजा शिव-पार्वती विवाह प्रसंग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर में आयोजित श्री करणी कथा महोत्सव में सोमवार को शिव-पार्वती विवाह एवं करणी माता की विवाह लीला का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए और 'जय करणी माता' के जयकारों से पांडाल गुंजायमान हो उठा।

कथावाचक ने शिव-पार्वती विवाह को तप, त्याग और अटूट प्रेम का प्रतीक बताते हुए करणी माता की विवाह लीला को लोककल्याण और सेवा का संदेश बताया।

कार्यक्रम में यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन के चेयरमैन मेघराज सिंह रॉयल ने समाज में एकता, भाईचारे और समरसता पर जोर देते हुए जातिवाद खत्म करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# निर्मल बने मेघसेना के भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ आसीन्द।**



मेघसेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. डी.के. मेघवाल ने आसीन्द निवासी निर्मल मेघवंशी को मेघसेना इकाई राजस्थान में भीलवाड़ा जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय से जारी नियुक्ति पत्र में उनके समाजसेवा, समर्पण और सक्रिय कार्यशैली को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि निर्मल मेघवंशी संगठन की रीति-नीति को आगे बढ़ाते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। नियुक्ति पर क्षेत्र के समाजसेवियों, प्रबुद्धजनों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

## QUICK BITES

# लंबित मांगों को लेकर कर्मचारियों का अनूठा विरोध

## कार्य बहिष्कार की बजाय अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर जताया रोष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के आह्वान पर सोमवार को भीलवाड़ा में कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर अनूठे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष लकी ब्यावट के नेतृत्व में महात्मा गांधी अस्पताल के कर्मचारियों ने आपातकालीन सेवाओं को प्रभावित किए बिना मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरित कर सरकार के प्रति विरोध दर्ज कराया।

महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित व्यास ने बताया कि कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रदेशभर के कर्मचारी संगठनों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि सरकार के संवेदनहीन रवैये के विरोध में संयुक्त बैठक में प्रदेशव्यापी आंदोलन का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि पिछले डेढ़ माह से कर्मचारियों के वेतन से कटौती होने के बावजूद निजी अस्पतालों में आरजीएचएस सुविधा बंद पड़ी है, जिससे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे कर्मचारी एवं पेंशनर्स उपचार के लिए परेशान हो रहे हैं। इसके अलावा समर्पित अवकाश का नगद भुगतान लंबित है तथा वोकेशनल प्रशिक्षकों की मांगों पर हरियाणा मॉडल लागू करने सहित अन्य मुद्दों का समाधान नहीं किया गया है। महात्मा गांधी अस्पताल में कार्यरत कंप्यूटर कर्मियों को सीएसआर नियमों में शामिल करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।

महासंघ ने बताया कि 25 सूत्रीय मांगों को लेकर 20 मई को अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया था। साथ ही चेतावनी दी गई थी कि मांगें नहीं मानी गईं तो प्रतिदिन एक घंटे का सांकेतिक प्रदर्शन किया जाएगा। बावजूद इसके सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं होने पर 25 मई से सात दिनों तक प्रदेशभर के सरकारी विभागों एवं कार्यालयों में विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया है।

जिला प्रवक्ता गिरिराज लड्ढा ने कहा कि यदि इसके बाद भी सरकार ने कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो महासंघ प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन करेगा।

# दीपिका आर्ट अकेडमी की नई पहल, आज से शुरू होगा ग्रीष्मकालीन कला शिविर

## बच्चों को मिलेगी पेंटिंग, स्केचिंग, मेहंदी एवं मॉडर्न आर्ट सहित कई कलाओं की विशेष ट्रेनिंग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर की उभरती कला प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं बच्चों की रचनात्मक क्षमता को निखारने के उद्देश्य से दीपिका आर्ट अकेडमी द्वारा 26 मई से 10 जून तक ग्रीष्मकालीन कला अभिरुचि शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में करीब 40 बालक-बालिकाएं भाग लेकर विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

अकादमी की आर्ट ट्रेनर दीपिका पाराशर ने बताया कि शिविर में बच्चों को पेंटिंग, स्केचिंग, कैलीग्राफी, मेहंदी, ट्रेडिशनल आर्ट, मॉडर्न आर्ट, शेडिंग, चारकोल आर्ट, ऑयल कलर, एक्रेलिक कलर, फैब्रिक पेंटिंग एवं क्ले आर्ट जैसी अनेक विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का उद्देश्य बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना एवं उनकी रचनात्मक सोच को विकसित करना है।

उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल दौर में बच्चों को कला और सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़ना बेहद आवश्यक है। कला के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, धैर्य, एकाग्रता और सकारात्मक सोच का विकास होता है। शिविर में बच्चों को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा आसान एवं रोचक तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे नई तकनीकों को सीख सकें।

शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 7 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर के दौरान बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, जिससे अभिभावकों एवं कला प्रेमियों को बच्चों की प्रतिभा देखने का अवसर मिलेगा।

# भारत विकास परिषद सावर द्वारा 7 दिवसीय अभिरुचि शिविर का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**दिलखुश**

भारत विकास परिषद द्वारा सावर स्थित कंचन पैराडाइज में बालक-बालिकाओं के लिए 7 दिवसीय अभिरुचि शिविर का शुभारंभ सोमवार को किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं शाखा संरक्षक महेश चंद शर्मा, अध्यक्ष संस्कृत भारती चित्तौड़ प्रांत, शाखा अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह शक्तावत, कोषाध्यक्ष मनोज रांटा तथा सचिव प्रहलाद सिंह शक्तावत ने मां भारती एवं युगपुरुष स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ।

अभिरुचि शिविर प्रभारी राकेश वैष्णव ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया, जबकि प्रकल्प प्रभारी संस्कार चंद्र प्रकाश वैष्णव ने शिविर का परिचय दिया। मुख्य अतिथि महेश चंद शर्मा ने अपने संबोधन में शिविरों की आवश्यकता एवं बच्चों के संस्कार निर्माण पर विशेष जोर देते हुए परिषद द्वारा आत्मरक्षा हेतु दंड चालन प्रशिक्षण को सराहनीय पहल बताया। उन्होंने बालिकाओं को भी दंड चालन सीखने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में ड्राइंग, पेंटिंग, मेहंदी, नृत्य, हारमोनियम वादन, सुंदर लेखन सहित विभिन्न गतिविधियों की कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। शिविर में भगवत सिंह शक्तावत,मनीष कुमार शर्मा,अंकुर शर्मा,ज्ञानचंद रांटा, चेतन प्रकाश,भंवरलाल छीपा,अलका वैष्णव,इंद्रा एवं विजय लक्ष्मी सैनी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रशिक्षकों में जयपुर से पियूष कंवर पेंटिंग, अक्षिता करूरिया मेहंदी, रानू सिंह चौहान नृत्य, देवी सिंह राव हारमोनियम, राकेश वैष्णव एवं भगवत सिंह शक्तावत सुंदर लेखन तथा दीपक टेलर एवं घनश्याम माली दंड चालन का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।